# यूपीईएस ने लीड सिंगर दलेर मेहंदी के साथ रिलीज किया म्युजिक वीडियो आज की रानी

**नई दिल्ली.** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर यूपीईएस ने झांसी की रानी से प्रेरित म्युज़िक वीडियो रिलीज़ किया। जाने-माने गायक दलेर मेहंदी द्वारा गाये गए इस वीडियो का टाईटल है आज की रानीज् जिसमें संगीत के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की अभिव्यक्ति की गई है। यह वीडियो भारत की आधुनिक महिलाओं की क्षमता एवं धैर्य का जश्न मनाता है। गीत के बोल हाइड्रोकार्बन एजुकेशन रीसर्च सोसाइटी के चेयरमैन डॉ शरद मेहरा ने और संगीत निशांत रामटके ने दिया है। ऐसा गीत गाना मेरे लिए गर्व की बात है जो सही मायनों में महिला सशक्तीकरण का जश्न मनाता है। मुझे विश्वास है कि यह म्युज़िकल वीडियो महिलाओं को निर्भीक और सशक्त बनने तथा गर्व के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगा।